तक की अवधि में सवारी और माल गाड़ियों को लूटने की जितनी घटनाओं की रिपोर्ट मिली है उनकी संख्या क्रमशः 3 और 1 है। किसी रेल कर्मचारी को सम्पति की क्षति नहीं पहुंची लेकिन एक गार्ड और रेलवे सुरक्षा दल के एक रक्षक को चोटें आयीं।

(ख) जहां तक सम्भव होता है सवारी/माल गाड़ियों में सरकारी रेलवे पुलिस/रेलवे सुरक्षा दल के सशस्त्र गारद के पहरे की व्यवस्था की जाती है। रेल अपराधियों की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिये सादी पोशाक में कर्मचारियों को तेनात किया जाता है।

झांसी डिविज़न में "कैस आफिसों" और रेलवे डाक-सेवा में कम पाई गई रोकड़

7418. **डा. गोविन्ददास रिछारिया:** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) गत तीन वर्षों में झांसी डिविज़न में "कैश आफिसों" और रेलवे डाक सेवा में कम रोकड़ पाई जाने की कितनी घटनायें हुई ; और

(ख) ऐसी घटनाओं की जांज करने और उन्हें रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) रोकड़ कार्यालय, मंलासी में रोकड़ कमी होने से सम्वन्धित 13 घटनाओं की रिपोर्ट मिली है। रेल-डाक सेवा रेलवे की रोकड़ नहीं ले जाती।

(ख) सभी मामलों की रिपोर्ट, पुलिस को कर दी गयी है जिसने उनकी जांच-पड़ताल की है। विभागीय जांच के लिए भी आदेश दिये गये हैं और जिम्मेदार ठहराये गये कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई आरंभ कर दी गयी है। क्षेत्रीय रोकड़ कार्यालय, झांसी में सुरक्षा के प्रबन्ध और अधिक कड़े किये जा रहे हैं।

आम चुनाव, 1972

7419. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1972 में किन-किन, राज्यों में आम चुनाव होंगे ; और

(ख) क्या अन्य राजयों के साथ राष्ट्रपति शासन के अधीन राज्यों में भी चुनाव कराये जायेंगे ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी :) (क) नई विधान सभाएं गठित करने के लिए आम चुनाव 1972 में निम्नलिखित राज्यों में होने को हैं :

आन्ध्र प्रदेश

आसाम

हिमाचल प्रदेश

जम्मू और कश्मीर

महाराष्ट्र

राजस्थान

(ख) पूर्वोक्त राज्यों में से किसी में या उन राज्यों में जहां राष्ट्रपति का शासन हैं आम चुनाव कराने के समय के बारे में कोई फैसला अभी तक नहीं किया गया हैं।